**हलचल.** सीएम ने वीरपुर में निर्माणाधीन भौतिक प्रतिमान केंद्र का किया निरीक्षण

# भौतिक प्रतिमान केंद्र का निर्माण कार्य जल्द करें पूर्ण, अपने आप में होगा विशिष्ट : सीएम

- कोसी तटबंध पर कराये जा रहे कार्यों का भी लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सुपौल, प्रभात खबर टोली**


मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले के वीरपुर में बिहार कोसी बेसिन विकास परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन भौतिक प्रतिमान केंद्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता (फ्लड), वीरपुर ने मुख्यमंत्री को डायग्राम के माध्यम से निर्माणाधीन कैंपस प्लान की जानकारी दी. उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि आपकी परिकल्पना के अनुरूप बिहार के परिप्रेक्ष्य में जल संसाधन के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से यहां उच्च कोटि के भौतिक प्रतिमान केंद्र (फिजिकल मॉडलिंग सेंटर) की स्थापना की जा रही है. नदियों के हाइड्रोलिक गुणों के अध्ययन के लिए यह पुणे के सेंटर वाटर एंड पावर रिसर्च स्टेशन के बाद भारत का दूसरा संस्थान होगा. जल विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में इस तरह का उन्नत संस्थान दुनिया के गिने-चुने देशों में ही है.

**108.93 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण :** 108.93 करोड़ रुपये की लागत से इस भौतिक प्रतिमान केंद्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. शुरू में यहां कोसी नदी से संबंधित अध्ययन किया जाएगा लेकिन बाद में बिहार एवं पड़ोसी राज्यों की अन्य नदियों से जुड़े डाटा इकट्ठा कर उनके जल संचयन और प्रवाह क्षमता आदि की जानकारी जुटाई जाएगी. इस केंद्र में कोसी नदी का भौतिक प्रतिमान, कोसी बराज का प्रतिमान मुख्य रूप से रहेगा. साथ ही बिहार के अन्य नदियों हेतु चार अदद मॉडल ट्रे का निर्माण किया जा रहा है, जिससे अन्य सभी नदियों का भी मॉडलिंग कार्य किया जा सकेगा. बताया गया कि दिसंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा.

**जल्द कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश :** निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि भौतिक प्रतिमान केंद्र का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें. यह जब बनकर तैयार होगा तो अपने आप में विशिष्ट होगा. भौतिक प्रतिमान केंद्र के शुरू होने से बाढ़ प्रबंधन और सिंचाई की योजनाओं के लिए नदियों से जुड़े जरूरी अध्ययन



पूर्वी कोसी तटबंध का जायजा लेते सीएम.



सीएम का स्वागत करते मंत्री नीरज बबलू.



फिजिकल मॉडलिंग सेंटर का प्रस्तावित नक्शा.

## चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरा नगर बदला हुआ नजर आया. रातभर नगर की साफ-सफाई होती रही. अधिकारी की गाड़ी हवाई अड्डे में दौड़ती रही. नगर के सड़कों की सफाई में नगर के कर्मी जुट चुके थे. लोगों का कहना था कि काश ऐसी व्यवस्था हर दिन होती. मुख्यमंत्री कम से कम महीने में एक बार तो आते. घंटों जाम का सामना कर रहे भीमनगर के लोगों ने देखा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एनएच 106 में रानीगंज एवं एसएच91 में हृदयनगर के पास से ही भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गयी थी. दोनों जगहों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गयी थी.



जायजा लेते डीआइजी, डीएम व अन्य.



निरीक्षण के लिए जाते सीएम व अन्य अधिकारी.

### सीएम के काफिले में शामिल एंबुलेंस का फटा टायर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले में शामिल एंबुलेंस का पिछला टायर कोसी तटबंध के 13 किलोमीटर के सामने जोरदार आवाज के साथ फट गया. उस एंबुलेंस में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए. बताया जा रहा है एंबुलेंस के पीछे भी गाड़ी आ रही थी, जो एंबुलेंस से टकराते टकराते बची.

### सीएम के आगमन को लेकर वाहनों की लगी कतार

सीएम नीतीश कुमार के वीरपुर दौरे को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी. वहीं बलुआ वीरपुर एसएच 91 मुख्य मार्ग से नेपाल जाने वाली वाहनों को बलुआ थाना क्षेत्र के विशनपुर चौधरी के समीप ही रोक दिया गया था. ताकि सीएम के संभावित दौरे में किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न नहीं हो. उधर वाहन के रुकने से एसएच 91 वन वे मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई. सड़क के दोनों ओर से आने जाने वाले वाहनों को वन वे सड़क से ही आवाजाही करना पड़ा. हालांकि वन वे सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों को परेशानी भी उठानी पड़ी.



सीएम के आगमन को लेकर जाम में फंसी गाड़ियां.